


नवभारत

भोपाल, बुधवार, 4 फरवरी, 2026


# खिलाड़ियों की शिकायत पर सिंधिया ने एक घंटे में खेल मैदान से हटवाया अतिक्रमण

## अतिक्रमण हटने के बाद उसी मैदान पर सिंधिया ने क्रिकेट में आजमाया हाथ, शॉट मारकर खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन



अशोकनगर। खेल मैदान पर हुए अतिक्रमण की शिकायत करते हुए खिलाड़ी।



अशोकनगर। सिंधिया के निर्देश पर खेल मैदान से अतिक्रमण हटाता हुआ प्रशासन।



अशोकनगर। खेल मैदान से अतिक्रमण हटने के बाद उसी मैदान पर शॉट मारते सिंधिया।

**नवभारत न्यूज अशोकनगर/नईसराय।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया जिले के दौरे पर है, इसी कड़ी में वह मंगलवार को नईसराय तहसील के ग्राम डुंगासरा में पहुंचे, जहां उन्होंने विद्युत सब स्टेशन का शिलान्यास किया। तो वहीं युवाओं की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए खेल मैदान को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। दरअसल जैसे ही केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ग्राम में पहुंचे तो गांव के युवकों द्वारा खेल मैदान पर अतिक्रमण के बारे में नारे लगाए और उनके द्वारा दी गई शिकायत पर श्री सिंधिया ने तत्काल कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए, जिसके बाद प्रशासन ने मात्र एक घंटे में मैदान से अतिक्रमण हटा दिया। इसके पश्चात सिंधिया ने हटाए गए अतिक्रमण वाले मैदान पर युवाओं के साथ क्रिकेट खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया। तो वहीं विद्युत सब स्टेशन के निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति मजबूत होगी और क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों व आम लोगों को इसका लाभ मिलेगा। वहीं श्री सिंधिया ने सभी विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए स्थानीय कार्यकारिणी की गतिविधियों पर भी चर्चा हुई।

### अतिथि शिक्षकों ने रखी अपनी मांग, कहा अब तक नहीं बनी उनके लिए कोई स्थाई नीति

केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम के दौरान अतिथि शिक्षकों ने अपनी मांगो से सबंधित एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि वे वर्षों से अल्प मानदेय पर सेवाएं दे रहे हैं और अब तक उनकी कोई स्थाई नीति नहीं बनी है। उन्होंने सेवा सुरक्षा, नियमितीकरण, मानदेय में वृद्धि तथा भविष्य सुरक्षित करने की मांग रखी। अतिथि शिक्षकों ने कहा कि सरकार की वर्तमान नीतियों के कारण कई शिक्षक बेरोजगार हो चुके हैं, जिससे उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए उचित स्तर पर समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, जिला विकास एवं सलाहकार समिति सदस्य श्याम रघुवंशी, अनूप सिंह रघुवंशी, शिव रघुवंशी, नारायण कुशवाह, रामेंद्र रघुवंशी, रामकुमार रघुवंशी, शिवकुमार रघुवंशी, जनपद सदस्य चंद्रभान रघुवंशी, मेहरबान जाटव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर में

### नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा 7 को

**अशोकनगर।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय खिरियादेवत जिला अशोकनगर में जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026-27 (कक्षा 9वीं एवं 11वीं) के परीक्षा में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 7 फरवरी 6 को प्रात: 10.30 बजे से 1.30 बजे तक पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खिरिया देवत अशोकनगर में आयोजित की गई है। परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश का समय प्रात: 10.30 बजे रहेगा। तो वहीं छात्र अधिकारिक वेबसाइटके माध्यम से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है एवं परीक्षा में प्रवेश पत्र एवं आधार कार्ड को साथ लाना अनिवार्य है। जिन विद्यार्थियों ने परीक्षा फार्म भरे है वे परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें एवं अधिक जानकारी के लिए पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अशोकनगर के परीक्षा प्रभारी रविकुमार एस. (मोबाइल न. 9483557242) से सम्पर्क एवं नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### जनसुनवाई में जिप सीईओ ने सुनीं आवेदकों की समस्याएं

**अशोकनगर।** मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 117 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जनसुनवाई में ग्राम प्यासी निवासी मलखान सिंह यादव द्वारा भूमि पर कब्जा दिलाए जाने, ग्राम गोराघाट निवासी दिमान सिंह द्वारा पट्टा अमल कराए जाने, वार्ड 4 मुंगावली निवासी नवदीप शुक्ला द्वारा खाद्यान पात्रता पर्ची दिलाए जाने, वार्ड 14 अशोकनगर निवासी रमा प्रजापति द्वारा फोती नामांतरण कराए जाने, ग्राम बम्मन खिरिया निवासी परवत अहिरवार द्वारा भूमि पर कब्जा दिलाए जाने, ग्राम खजुरिया कला निवासी नत्थू सिंह द्वारा जमीन पर कब्जा दिलाए जाने, ग्राम साजनमहू निवासी अखिलेश धानक को आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने, ग्राम कालीटोर निवासी रामस्वरूप सहरिया द्वारा अनुग्रह सहायता राशि दिलाए जाने संबंधी समस्या मूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर डीएन सिंह, संयुक्त कलेक्टर ब्रजबिहारी श्रीवास्तव सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### ग्राम खिरिया देवत (भर्रोली) में विद्युत उपकेंद्र का सिंधिया ने किया लोकार्पण

**अशोकनगर।** केंद्रीय संचार, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को ईसागढ़ ब्लॉक के खिरिया देवत(भर्रोली) में 2.83 करोड़ रुपए की लागत से बने 33/11 केव्ही. उपकेन्द्र का लोकार्पण किया। विद्युत सब स्टेशन की सौगात मिलने पर आसपास के ग्रामों में विद्युत की निरंतरता सुचारू रहेगी। विद्युत उप केन्द्र के निर्माण से पर्याप्त वोल्टेज की विद्युत आपूर्ति होगी। इस दौरान विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, जिला महामंत्री शीला जाटव, पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश रघुवंशी, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश रघुवंशी द्वारा अपने ग्रह ग्राम भर्रोली में बिजली की समस्या, ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए, ग्रामीणों की मांग पर उन्हें सौगात देने के लिए उक्त सब स्टेशन के लिए लंबे समय से लगातार प्रयास किया जा रहे थे, उन्होंने केंद्रीय मंत्री सिंधिया को पत्र लिखकर तथा उनकी अनुशंसा करवाकर ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर के यहां से स्वीकृत करने के लिए आवेदन दिया तब ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित कर उक्त विद्युत सब स्टेशन स्थापित कराया। जिसका आज श्री सिंधिया ने लोकार्पण किया।

# 500 करोड़ की भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

## सिंधिया के निर्देश पर हुई कार्रवाई, उक्त भूमि पर बनाई जाएगी प्रशासनिक इकाइयां

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** धर्म, इतिहास, शिल्प, पर्यटन, प्रकृति और संस्कृति के अनूठे संगम से जिस चंदेरी शहर की पहचान है, वहां अब प्रशासनिक इकाइयों की भी एक श्रृंखला खड़ी होने जा रही है। यह इसलिए, कि प्रशासन ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सख्त निर्देशों के बाद पूरी 200 बीघा जमीन अवैध कब्जों से मुक्त करा दी है। इसलिए शासकीय जमीन की कमी के कारण नगर में जो सरकारी कार्यालय और निर्माण नहीं हो पा रहे थे, अब उनमें गति आ जाएगी। मुक्त कराई गई जमीन की कीमत 500 करोड़ आंकी गई है।



बताया गया है कि नगर का एक प्रतिनिधि मंडल करीब चार पांच दिन पहले नई दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया से मिला था। इस प्रतिनिधि मंडल ने श्री सिंधिया से भेंट कर नगर में शासकीय जमीन मुहैया कराने की मांग रखी। जिसके बाद श्री सिंधिया ने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए, जिसके नतीजे में प्रशासन ने पूरे चार दिन तक लगातार काम करते हुए शासकीय सर्वे नंबर 10 में करीब 200 बीघा जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इस सर्वे नंबर में करीब 350 बीघा जमीन है, सरकारी जमीन का यह बड़ा रकबा अब तक कई तरह के स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण में था। जिसमें से प्रशासन ने एक दर्जन जेसीबी चलवाकर 200 बीघा जमीन को मुक्त करा दिया है और उसकी सफाई कर समतल करा दिया है।

**खेल मैदान, पार्क से लेकर अस्पताल तक, सब कुछ बन सकेगा:**

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार मुक्त कराई गई जमीन में श्री सिंधिया खेल मैदान, पार्क और अस्पताल की सौगात देने वाले हैं। इसके साथ ही एमपी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित अन्य सरकारी भवन बन सकेंगे। वर्तमान में इसी सर्वे नंबर में केंद्रीय विद्यालय और मॉडल स्कूल भी संचालित है। इसके अलावा नगरीय क्षेत्र में भवनों और जमीन की कमी के कारण जो सरकारी कार्यालय पुराने और जीर्ण शीर्ण भवनों में संचालित हैं, उनके नवीन भवन इसी भूमि में बनाए जाएंगे।

**एक किलोमीटर की लिंक रोड तत्काल स्वीकृत:**

श्री सिंधिया ने जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के साथ साथ पिछोर मार्ग कॉलेज से बायपास तक इस जमीन में से निकलने वाली एक किलोमीटर की लिंक रोड़ को भी स्वीकृति दिलाई है। प्रस्तावित मार्ग पर चूरी गिट्टी डालकर अस्थाई सड़क भी बना दी गई है। बताया गया है कि लिंक रोड़ पैंतीस फीट चौड़ी होगी, जिसके इर्द गिर्द प्रशासनिक इकाईयाँ आकार लेंगी।

# 3 करोड़ 86 लाख में बनकर तैयार हैं 6 अतिरिक्त कक्ष, सिंधिया करेंगे उद्घाटन

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** केंद्रीय दूरसंचार एवं पूर्वी उत्तर विकास मंत्री भारत सरकार नगर में आज 3.86 लाख रूपए से निर्मित माधव कॉलेज लिए 6 अतिरिक्त कक्ष समर्पित करेंगे। दरअसल पीआईयू विभाग ने सिद्धार्थ बिल्डर्स चंदेरी को इन कक्षो के निर्माण का कार्य दिया गया था। निर्मित कक्षो का रंग रोगन सहित संपूर्ण कार्य को अंतिम रूप दे दिया गया है जिसका निरीक्षण संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाकर सभी कक्ष अब माधव महाविद्यालय के अधीन कर दिये जाएंगे।

**माधवराव सिंधिया की प्रतिमा का होगा अनावरण:**

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान माधव महाविद्यालय में स्वर्गीय माधवराव सिंधिया की प्रतिमा स्थापित की गई है जिसका अनावरण ज्योतिरादित्य सिंधिया करेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के परिसर में सिंधिया उपस्थित जन समूह को संबोधित करेंगे। माधव महाविद्यालय में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है पीडब्लूडी के सहयोग से संपूर्ण मंच के पास की बैरिकेडिंग कर दी गई है। डी निर्माण के साथ मंच के चारों ओर ज्योतिरादित्य सिंधिया की सुरक्षा घेरे को सुनिश्चित किया गया है।

**कार्यकर्ता जगह-जगह करेंगे सिंधिया का स्वागत:**

नगर आगमन के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता अपने सांसद का स्वागत गर्म जोशी के साथ करेंगे। जिनमें भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष राहुल शेषा, जनपद अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह बुंदेला, भाजपा के वरिष्ठ नेता, अशोक लालमणि, असीर अहमद, शरद साथ, रामकिशोर पटेरिया, कमलेश सुमन, जगन्नाथ पिप्पल सहित अन्य कार्यकर्ता और नागरिक जगह-जगह उपस्थित रहेंगे।

# भिक्षावृत्ति करते मिले 3 बच्चे, संयुक्त दल ने परिजनों को दी समझाइश

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** बाल कल्याण समिति, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एवं व्हीएसडव्लूओ के संयुक्त सहयोग से मंगलवार को रेलवे स्टेशन परिसर में भिक्षावृत्ति रोकने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्टेशन परिसर में भिक्षावृत्ति में संलग्न 3 बच्चे पाए गए। उनके परिजनों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कराकर समझाइस एवं भविष्य में ऐसा करते पाए जाने पर माता पिता के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की चेतावनी देकर बच्चों को माता पिता के सुपुर्द किया गया। साथ ही माता- पिता के द्वारा बच्चों को नियमित स्कूल भेजने एवं आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने हेतु आदेशित किया गया। साथ ही अभियान के माध्यम से आमजन को बच्चों से भिक्षा न देने, उन्हें शिक्षा एवं संरक्षण से जोड़ने तथा बाल अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। तो वहीं संबंधित विभागों ने संयुक्त रूप से भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर चलाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अभियान में बाल कल्याण समिति सदस्य भूपेंद्र सिंह रघुवंशी, जीआरपी थाना प्रभारी लखन सिंह रघुवंशी, आरक्षक गोपाल सिंह चौहान, कोतवाली से देशराज सिंह, महिला आरक्षक रुपाली रघुवंशी आदि मौजूद रहीं।

# रघुवंशी बोर्डिंग हाउस की जमीन पर अतिक्रमण का आरोप

## समाज के ही लोगों ने कर रखा है अतिक्रमण, मुक्त कराने सौंपा गया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** गांधी पार्क के पास स्थित रघुवंशी राजपूत बोर्डिंग हाउस की जमीन समाज के लोगों द्वारा ही अतिक्रमण कर किये जाने का मामला सामने आया है। इस सबंध में रघुवंशी समाज के लोगों द्वारा मंगलवार को एक ज्ञापन कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार शंभू सिंह मीणा को सौंपा गया। जिसमें कब्जाधारियों के नाम का उल्लेख करते हुए उक्त जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराकर समाज की देने की बात कहीं गई है।





दरअसल मंगलवार को अखिल भारतीय अंखड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुए और रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी मांगो से सबंधित एक ज्ञापन प्रशासन को दिया। प्रशासन को दिये ज्ञापन में बताया गया है कि स्टेट के समय श्रीमंत महाराज साहब के पूर्वजों के निर्देश पर म्युनिसपालटी पछार वर्तमान नगरपालिका अशोकनगर तामील हुक्म नंबर 19518 दिनांक 21-06-1941, बोर्ड नम्बर 74 दिनांक 20-06-1941, नंबर शुमार 329 मिसल नंबर 328/91 म्युनिसपालटी पछार वर्तमान अशोकनगर वर्तमान भूमि सर्वे क्रमांक 1043, 1044 वार्ड क्रमांक 18 में गांधी पार्क के पास स्थित है। उक्त दी गई थी जिस पर वर्तमान में समाज के ही लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है और बार बार पत्र और जानकारी देने के बाबजूद इस जमीन को रघुवंश शिक्षा परिषद अशोकनगर को नहीं सौंपा जा रहा है। जबकि कई अन्य लोगों ने यह जमीन परिषद को दे दी है। समाज के लोगों ने प्रशासन से मांग की है इस जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराकर समाज को सौंपी जाए।

## गजरथ महोत्सव

## कलश यात्रा के साथ नवनिर्मित मंदिर पहुंचीं महिलाएं

# पंच कल्याणक महोत्सव में माता मरु देवी की हुई गोद भराई

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कचनार में आयोजित पंच कल्याणक महा महोत्सव के आयोजन में मंगलवार को भगवान के गर्भ कल्याणक का उतरार्द्ध मनाया गया। सुबह अभिषेक पूजन के साथ याग मंडल विधान हुआ महोत्सव के प्रमुख पात्रों ने मंडल पर श्रीफल समर्पित किए। भगवान आदिनाथ की माता मरुदेवी की गोद भराई हुई। महिलाएं गोद भराई के लिए थाल सजाकर लाई मंगल गीत गाए और माता की गोद भरी। इसके साथ ही कलश यात्रा के साथ महिलाएं नव निर्मित मंदिर पहुंची, जहां नवीन मंदिर वेदी शुद्धि, शिखर शुद्धि, वेदी प्रतिष्ठा संस्कार एवं शिखर प्रतिष्ठा संस्कार कराए गए। महा आरती का जुलूस निकाला गया और महाराजा नाभिराय का दरबार सजा, सभा सदो ने तत्व चर्चा की



56 कुमारियों द्वारा गीत नृत्य प्रस्तुत किए गए। महोत्सव में भगवान आदिनाथ के गर्भ कल्याणक से लेकर मोक्ष कल्याणक तक की सभी क्रियाएं विधि विधान से संपन्न कराई जा रही हैं। यह आयोजन मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में प्रतिष्ठाचार्य विनय भैया बंडा द्वारा प्रतिदिन पूजन अर्चन और मांगलिक क्रियाओ के साथ कराया जा रहा हैं। महोत्सव के दूसरे दिन गर्भ कल्याणक का उतरार्द्ध मनाया गया। भगवान की माता मरुदेवी को 16 स्वप्न दिखाए गए और राजा नाभिराय ने स्वप्नों का अर्थ बताया। मंगलवार को गर्भ कल्याणक का उत्तराद रुप दिखाया गया अष्ट कुमारियों द्वारा गीत, नृत्य की प्रस्तुति के साथ माता की सेवा की।

**मुनिश्री ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि:**

आप सब चाहते हैं कि एक शत संतान की उत्पत्ति हमारे कुल में हो, जिससे कुल का नाम रोशन हो, इसके लिए प्रभु से प्रीति करनी होगी, प्रभु की सीख माननी होगी, प्रभु की रट लगानी होगी, प्रभु की बोली माननी होगी, प्रभु की झोली भरनी होगी, मुनिश्री ने बताया की प्रभु की झोली भरने का तात्पर्य है प्रभु के निमित्त से कुछ दान की राशि निकालने का है। उन्होंने बताया कि सबसे उत्कृष्ट दान आहार दान कहलाता है। जब भी कोई साधु मिले आहार दान देना चाहिए, गौशाला में एक बार जाकर ग्रास दे दे, बहुत सारे ऐसे गरीब लोग हैं। अगर उन्हें सात्विक बनाना चाहते हैं तो उन्हें भी कुछ दें, उन्होंने गर्भवती माताओ से कहा कि जितनी भी गर्भवती मां है सबको दुधारी गाय, कोई व्यापार में शिक्षा से परेशान है वहां दान देना है जैसे-जैसे शुक्ल पक्ष का चंद्रमा बढ़ता है वैसे-वैसे दान बढ़ाते जाएं।

**आज मनाया जाएगा जन्म कल्याणक:**

बुधवार को भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक मनाया जाएगा। प्रात: तीर्थंकर बालक का जन्म होगा। बधाई नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे, शो धर्मेंद्र द्वारा हैदराबाद हाथी पर अरुण होकर अयोध्या की तीन परिक्रमा लगाई जाएंगी और पांडुक सेल पर पहुंचकर तीर्थंकर बालक का 1008 कलशों से अभिषेक होगा। शाम को स्वधर्मेंद्र का तांडव नृत्य तीर्थंकर बालक की बाल क्रिया दिखाई जाएंगी। पंचकल्याणक महोत्सव में सुबह इंद्राणियों द्वारा पूजन अभिषेक की क्रियाएं और शाम को बाहर से आए कलाकारों द्वारा पंचकल्याणक का चित्रण पाठ किया जा रहा है।



# बहू-बेटी संगठन का शपथ समारोह संपन्न

**दिगंबर जैन समाज का है संगठन**

**समारोह में सांस्कृतिक एवं गेम्स हुए आयोजित**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** दिगंबर जैन बहू बेटी संगठन का वार्षिक उत्सव एवं शपथ ग्रहण समारोह विगत दिवस एक निजी होटल में आयोजित किया गया। जिसमें जिसमें मुख्य अतिथि के रूप दिगंबर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी एवं महासमिति की अध्यक्ष विभा मोदी एवं संगठन की संस्थापिका प्रियंका जैन उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित और मंगलाचरण के साथ किया गया। इसके बाद उपस्थित अतिथियों का स्वागत संगठन संगीता जैन ने किया। इसके बाद राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी ने नवीन कार्यकारिणी का पद एवं कर्तव्य की शपथ दिलाई। नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष राखी जैन, मंत्री डॉ. गुंजा जैन, कोषाध्यक्ष वंदना जैन, संयोजक रवि जैन, उपाध्यक्ष मीनल जैन एवं सांस्कृतिक मंत्री सच्ची जैन को बनाया गया है। वहीं कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, तंबोल एवं ग्रीटिंग प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें प्रथाम स्थान पर यशी जैन, द्वितीय स्थान पर सुरभि मिर्ची एवं तृतीय स्थान पर राखी जैन रहीं। वहीं कार्यक्रम में मंच का संचालन कुमारी पारुल एवं कुमारी याशी द्वारा किया गया।